तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025


अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 आखिरकार पिंजरे में कैद हुई शावकों के साथ मादा भालू


## खबर संक्षेप

### युवा क्रिकेटर स्वास्तिक का छग अंडर 14 स्टेट कैंप टीम में हुआ चयन

**बिश्रामपुर।** नगर के ऑल राउंडर युवा क्रिकेट खिलाड़ी स्वास्तिक केसरी का चयन छत्तीसगढ़ अंडर



14 स्टेट कैंप टीम के लिए हुआ है,जिससे क्षेत्र के युवा क्रिकेट खिलाडियों एवं क्रिकेट प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि स्वास्तिक केसरी डीएवी स्कूल बिश्रामपुर के नियमित छात्र है,इस वर्ष प्लेट ग्रुप में दो मैचो में दो अर्धशतक के साथ 107 के औसत से कुल 107 रन बनाए,जबकि एलीट ग्रुप में पांच मैचो में 124 रन बनाते हुए 8 विकेट भी हासिल किये। इनका बड़ा भाई सौम्य केसरी भी सरगुजा क्रिकेट संघ की तरफ से छत्तीसगढ़ के लिए खेलता है,बताया गया कि वर्तमान में कैंप टीम सेलेक्शन में 40 खिलाडियों का चयन हूआ है,इसके बाद टूर्नामेंट खेलने के लिए इन चुने हुए खिलाडियों में से पुनः 20 सीमित खिलाड़ियों का चयन होना है। स्वास्तिक के कैंप टीम में चयन पर सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंह देव,सचिव विनीत जायसवाल,जिला सूरजपुर ड्यूज बॉल क्रिकेट एसोसिएशन व टैलेंट हंट क्रिकेट अकादमी के संस्थापक राजेश जैन, युपी केशरी ने अपनी शुभकामनायें दी हैं।

### इनऑपरेटिव एवं डीफ अकाउंट में आ रही समस्याओं हेतु समाधान शिविर

**बलरामपुर।** जिला कोषालय अधिकारी डीपी सोनी ने बताया है कि जिले में विभिन्न विभागों के द्वारा बैंकों में संचालित खाता जो अभी की स्थिति में इनऑपरेटिव एवं शासकीय बैंक खातों को चालू-बंद करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके तहत 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलरामपुर, 22 दिसम्बर को जनपद पंचायत राजपुर, शंकरगढ़ एवं कुसमी तथा 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत रामानुजगंज व वाड्रफनगर में शिविर का आयोजन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुख एवं आहरण, संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अधीनस्थ आने वाले समस्थ खाता धारकों के मध्य समन्वय बनाकर अपने क्षेत्रान्तर्गत जनपद पंचायत में उपस्थित होकर उक्त खातों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि शिविर आयोजन के पश्चात भी उक्त खातों का निराकरण नहीं होता है तो संबंधित कार्यालय प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी साथ ही दिसम्बर माह का वेतन का भुगतान संभव नहीं होगा जिसका व्यक्तिगत रूप से स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सरईटिकरा निवासी नंदलाल राजवाड़े आ. भुवनेश्वर राजवाड़े (57 वर्ष) 15 दिसंबर की शाम शहर से घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार सरई टिकरा और जगदीशपुर के बीच पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान आज सुबह मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## हिरासत में 7 संदेही, वन अधिकारी कर रहे पूछताछ

# ग्राम परसडीहा निवासी महिला के घर से मृत बाघ का नाखून व बाल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

करंट लगाकर बाघ का अवैध शिकार करने के मामले में वन अधिकारियों को बड़ी सफलता मिली है।

**खास बात**

- अधिकारियों ने बढ़ाया जांच का दायरा, नहीं दे रहे कोई जानकारी

वन अधिकारियों ने ग्राम परसडीहा निवासी एक महिला से बाघ का नाखून व बाल बरामद किया है। अधिकारियों ने गांव के 7 संदेहियों को हिरासत में लिया है।

करंट से बाघ की मौत होने के मामले में वन अधिकारियों ने जांच तेज कर दी है। मामले की जांच में सूरजपुर, वनमण्डल, बलरामपुर वन मंडल एवं वाइल्ड लाइफ की टीम जुटी है। प्रारंभ में घटना स्थल से सटे ग्राम परसडीहा के ग्रामीणों द्वारा घटना को अंजाम देने की संभावना जताई जा रही थी। जांच के दौरान ग्राम परसडीहा निवासी एक ग्रामीण द्वारा बुधवार को मृत बाघ का शव देखने एवं इसकी सूचना सरपंच को देने की जानकारी मिली। अधिकारियों द्वारा सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों से पूछताछ में इसकी पुष्टि होने पर अधिकारियों ने ग्रामीण को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में ग्रामीण ने बुधवार को बाघ का शव देखने की पुष्टि की लेकिन वह बाघ से संबंधित कोई अन्य सूचना नहीं दे सका। इस बीच वन अधिकारियों द्वारा परसडीहा निवासी कुछ ग्रामीणों द्वारा करंट की बाड़ लगाकर जंगली सुअर का शिकार करने की जानकारी मिली। सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने गांव की एक महिला को पूछताछ की तो कुछ संदेहास्पद जानकारी मिली। वन अधिकारियों द्वारा महिला से सख्तीपूर्वक पूछताछ करने पर उससे बाघ का शिकार करने के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले। महिला के घर की जांच में वन अधिकारियों को बाघ का नाखून व बाल मिला है। वन अधिकारियों ने मामले में 7 संदेहियों को हिरासत मे लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बताने से बच रहे हैं तथा अधिकांश वन अधिकारियों ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है। वन अधिकारी इस संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिलने एवं जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रहे हैं।


अम्बिकापुर–बनारस स्टेट हाइवे से 1 किमी दूर है घटनास्थल

पीएम में हाई वोल्टेज करंट से बाघ की मौत होने की पुष्टि

अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ पीएम

8 नाखून एवं चार दांत गायब

विभाग की बड़ी लापरवाही

करंट से मौत होने की पुष्टि

### हो चुकी है तस्करी की कई घटनाएं

सूरजपुर जिला में बाघ व तेंदुए सहित अन्य वन्य जीवों की खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। राज्य बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अधिकारी अब तक आधा दर्जन से अधिक बाघ व तेंदुए की खाल बरामद करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चुके हैं। बाघ व तेंदुए की खाल की तस्करी के अधिकांश मामले ओड़गी विकासखण्ड में मिले हैं। वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में करंट से जंगली सुअर का शिकार करने के मामले आम हैं। वन अधिकारियों ने मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। वन अधिकारियों को मानना है आरोपियों ने सुअर का शिकार करने के उद्देश्य से करंट लगाया होगा तथा कई दिनों तक शव पड़ा देख नाखून व दांत को घातक हथियारों से निकाला होगा। तस्कर इस तरह नाखून व दांत नहीं निकालते न ही शव को छोड़ते। घटनास्थल ग्राम सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत है जबकि 700 मीटर दूर ग्राम परसडीहा बलरामपुर वनमंडल में है। वन अधिकारी मामले में आसपास के अन्य ग्रामीणों के भी शामिल होने का संदेह व्यक्त कर रहे हैं।

### जल्द होगी गिरफ्तारी

मामले की जांच में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं तथा संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
-दुलेश्वर साहू, डीएफओ सूरजपुर

# रकबा व खसरा सुधार नहीं होने से परेशान किसानों ने किया खरीदी केंद्र का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर


केन्द्र के बाहर विरोध जताते किसान।

रकबा एवं खसरा में सुधार नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने धान खरीदी केंद्र का घेराव कर दिया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में नाराज किसान धान खरीदी केंद्र के सामने धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन लगभग चार घंटे तक चला और अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

- नहीं कट पा रहे टोकन, समिति में लगाया ताला, चार घंटे चला प्रदर्शन

विदित हो कि धान खरीदी से पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी को लेकर जो नियम बनाये है वो काफी पेचीदा है। किसान कभी पंजीयन तो कभी एग्रोस्टेक और कैरी फॉरवर्ड कराने सोसायटी और कार्यालय के चक्कर लगा लगा रहे है इसके बाद भी उसका काम पूरा नही हो पा रहा है। कहीं ना कहीं उसके कामो में सरकार द्वारा बनाए गए नियम अड़ंगा पैदा कर रहे है। धान खरीदी को लेकर सरकार द्वारा बनाए गए नियम से किसान कितने परेशान हो रहे है इसका उदाहरण धान खरीदी केंद्र राजापुर में देखने को मिला जहां धान बिक्री के लिए टोकन कटाने गए किसानों का रकबा खसरा धान खरीदी केंद्र के सिस्टम में नही दिखा रहा है। जबकि किसानों ने अपना पंजीयन एग्रोस्टेक कैरी फॉरवर्ड एवं अन्य जितनी भी औपचारिकताएं है उसे पूरा करा लिया है इसके बाद भी उनका रकबा खसरा खरीदी केंद्र के सिस्टम में नहीं दिखा रहा है जिसकी वजह से उनका टोकन नहीं कट पा रहा है और किसान टोकन के लिए मारे मारे फिर रहे है। ऐसे में आक्रोशित किसानों ने धान खरीदी केंद्र राजापुर का घेराव कर दिया और धरने पर बैठ गए। इस दौरान किसानों ने धान खरीदी केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों को समिति के अंदर बंद कर बाहर ताला लगा दिया। किसानों ने सरकार पर धान खरीदी में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार किसानों का धान खरीदना नही चाहती है इसलिए ऐसे नियम बनाये है ताकि किसान उसमें उलझकर रह जाये और धान खरीदी केंद्र में अपना धान बेच न पाए।धरना प्रदर्शन के दौरान मौके पर तहसीलदार राजापुर संजय सारथी समेत अन्य अधिकारी एवं काफी संख्या में पुलिसबल मौजूद थी। किसानों का कहना था कि तक उनके रकबा खसरा में सुधार और टोकन नही काटता उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। अधिकारियों ने किसानों को समझाया और उनकी समस्या दूर करने का आश्वासन दिया तब जाकर चार घंटे से प्रदर्शन कर रहे किसानों ने धरना समाप्त किया।

इस संबंध में तहसीलदार राजापुर संजय सारथी ने बताया कि इस संबंध में जानकारी जिले के अधिकारियों तक भेज दी गई है। वहां से टीम आएगी और जो भी त्रुटि है उसमें सुधार किया जायेगा।

## राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत एक वर्ष का निरुद्ध आदेश

**अम्बिकापुर।** जिला मजिस्ट्रेट सरगुजा द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक के विरुद्ध एक वर्ष का निरोध आदेश पारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक, सरगुजा द्वारा अनावेदक जरहागढ़ निवासी 21 वर्षीय जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पण्डित आ. अशोक तिवारी उर्फ बाबा पंडित को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) के अंतर्गत कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। अनुशंसा के आधार पर प्रकरण की जांचोपरांत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनावेदक के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) के तहत दिनांक 12 दिसंबर 2025 को निरोध आदेश पारित किया गया। आदेशानुसार अनावेदक को एक वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय जेल अंबिकापुर में निरुद्ध रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।



# गाइडलाइन दरों में सुधार जनहित में ऐतिहासिक कदम : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में किए जा रहे आर्थिक सुधारों की श्रृंखला में गाइडलाइन दरों को युक्तिसंगत बनाना एक महत्वपूर्ण कदम है। कांग्रेस द्वारा इसका विरोध यह दर्शाता है कि वह आज भी काले धन की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहती है, जबकि भाजपा सरकार पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पहले जमीन की वास्तविक बाजार कीमत और गाइडलाइन दरों में भारी अंतर होने से सबसे अधिक परेशानी ईमानदार और मध्यमवर्गीय नागरिकों को होती थी। वास्तविक कीमत पर रजिस्ट्री न होने के कारण उन्हें समुचित होम लोन नहीं मिल पाता था। अब गाइडलाइन दरों के युक्तिसंगत होने से वास्तविक लेनदेन दर्ज होगा, काले धन पर प्रभावी रोक लगेगी।

उन्होंने कहा कि पूर्व में कम गाइडलाइन दरों के कारण रजिस्ट्री केवल गाइडलाइन मूल्य पर होती थी और शेष राशि नकद में दी जाती थी। अब केवल गाइडलाइन मूल्य पर ही पंजीयन शुल्क लेने की व्यवस्था से फर्जीवाड़ा रूकेगा और फॉर्मल इकॉनम को मजबूती मिलेगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने गाइडलाइन दरें बढ़ाने के बजाय लगभग 30 प्रतिशत तक घटाई, ताकि कोयला, शराब, पीएससी, महादेव ऐप, धान, डीएमएफ जैसे घोटाले से अर्जित काले धन को जमीन में खपाया जा सके। ईडी की जांच में कांग्रेसी नेताओं द्वारा हजारों एकड़ भूमि में निवेश की पुष्टि हुई है और अब उन संपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्गमीटर और हेक्टेयर दरों के बीच 5 से 20 गुना के अंतर के कारण भारतमाला, एनटीपीसी, उरगा कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य परियोजनाओं में बड़े घोटाले हुए। अब वर्गमीटर दर हटने से इस प्रकार के घोटालों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि किसानों के हित में परिवर्तित भूमि, असिंचित भूमि, दो फसली भूमि, कुंआ-बोरिंग, तालाब, कच्चे मकान, पेड़-फलदार वृक्ष एवं बाउंड्रीवाल पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क समाप्त किए गए हैं। शहरी क्षेत्रों में मल्टीस्टोरी भवनों में अब केवल बिल्टअप एरिया पर ही शुल्क लिया जाएगा, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों को 20-30 प्रतिशत तक लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, पार्षद मनोज गुप्ता एवं संयोजक निलेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण-** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने आईजी ने दिए अभियान चलाने के निर्देश

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व प्रभावी रोकथाम करने हेतु आईजी दीपक झा ने सभी इकाईयों के नोडल अधिकारियों एवं आईआरएडी व ईडीएआर के डीआरएम की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने ब्लैक स्पॉट पर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को लेकर चर्चा की व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चौक चौराहों एवं दुर्घटनाजन्य वाले ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों का चिन्हांकन कर बिना सीटवेल्ट, बिना हेलमेट व नशे का सेवन कर वाहन चालकों एवं अन्य यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आईआरएडी व ईडीएआर के एप्लीकेशन में विवेचकों द्वारा गलत एन्ट्री किये जाने वाले त्रुटियों के संबंध में सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आईजी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किये कि जिलों में यातायात जागरूकता अभियान स्कूल, कॉलेज, हॉट बाजार एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर आम नागरिकों को यातायात नियमों एवं सकेतों का पालन कराया जाए। यदि किसी व्यक्ति या आम नागरिक को सड़क दुर्घटना में घायल होना पाया जाए तो तत्काल उसे घायल व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने वाले व्यक्ति की पहचान करते हुए प्रोत्साहित




करने करने हेतु उन्हें राहवीर योजना के अंतर्गत प्रस्ताव प्रेषित करते हुए प्रोत्साहन राशि दिलाकर दिलाई जाए। वहीं बैठक में आईजी ने पुलिस एवं परिवहन, एनएच, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए चिन्हित किये गये स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड एवं रम्बल स्ट्रीफ लगाने सड़कों में ढलान साइड में वाल निर्माण कार्यों को पूरा कराने व सड़क के दोनों किनारों पर सफेद मार्किंग तथा प्लास्टिक रिफ्लेक्टर एवं सांकेतिक चिन्ह गति सीमा बोर्ड, गति अवरोधक ब्रेकर जैसे कार्यों का पूर्ण कराते हुए यातायात सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### सतनाम धाम चरचा में मनाई जाएगी गुरु घासीदास जयंती



**बैकुण्ठपुर।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज कोरिया द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सतनाम पंथ के प्रवर्तक संतशिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जी की 269 वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सतनाम धाम, सुभाष नगर चरचा कॉलरी में संपन्न होगा। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक निराला, जिलाध्यक्ष सतनामी समाज जिला कोरिया करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया श्रीमती वंदना राजवाड़े, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा अरूण कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा राजेश सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा श्रीमती लालमूनी यादव शामिल होंगी। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सायं 4 से 5 बजे गुरू गद्दी एवं जय स्तंभ पूजन के पश्चात ध्वजारोहण किया जाएगा। 5 से 6 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा, 6 से 7 बजे पुरस्कार वितरण तथा 7 से 9 बजे आदर्श लोक कला मंच अमहर एवं विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पंथी गीत एवं पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस आज

**मनेन्द्रगढ़।** आबकारी आयुक्ते छग रायपुर द्वारा वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति के अंतर्गत जारी निर्देशों के पालन में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में पूर्ण शुष्क दिवस घोषित किया गया है। छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार आबकारी नीति की कंडिका 22 की उपकंडिका 22.1 के तहत गुरूघासीदास जयंती के दिन जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, कंपोजिट मदिरा दुकानें, दुकानों से संलग्न सभी अहाते तथा एफएल 4 (क) अनुज्ञप्ति अंतर्गत संचालित व्यवसायिक क्लब पूर्णतः बंद रहेंगे। इस दिन किसी भी प्रकार का मदिरा विक्रय या परोसना प्रतिबंधित रहेगा।

### सरस्वती विकास विद्यालय में 56 वां वार्षिकोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विकास विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में 19 दिसंबर को विद्यालय का 56 वां वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से विद्यालय परिसर सेंट्रल बैंक के सामने मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा।

### एड्स जागरूकता सेमिनार 50 युवाओं ने लिया भाग

**मनेन्द्रगढ़।** मेरा युवा भारत कोरिया, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, छग एड्स कंट्रोल सोसायटी तथा शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता निशा सिंह ने एचआईवी संक्रमण एवं एड्स महामारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, इसकी रोकथाम, समय पर जांच, प्रशिक्षण एवं उपचार सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों के सम्मान, समाज में उन्हें सम्मानपूर्वक स्वीकार करने तथा किसी भी प्रकार के भेदभाव से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य के बारे में जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत कोरिया सौरभ निषाद ने उपस्थित युवाओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ की डॉ. अरूणिमा दत्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मेरा युवा भारत कोरिया के कार्यालय सहायक राजीव साहू द्वारा किया गया।

## मनेन्द्रगढ़ में दहशत का कायम रहा माहौल, वन विभाग को मिली सफलता

# आखिरकार पिंजरे में कैद हुई शावकों के साथ मादा भालू



पिंजरे में कैद भालू।



रेस्क्यू में शामिल वन अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

लंबे समय से जिला मुख्यालय और आसपास के इलाकों में दहशत का कारण बनी मादा भालू और उसके दो शावकों को पकड़ने में आखिरकार वन विभाग को सफलता मिल गई। कई दिनों की सतर्क निगरानी, रणनीति और कड़ी मशक्कत के बाद वन अमले ने यह अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्रवाई के बाद शहरवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार बीते कुछ समय से मनेन्द्रगढ़ नगर और उससे लगे रिहायशी इलाकों में मादा भालू अपने दो शावकों के साथ विचरण कर रही थी। भालू के बार-बार आबादी क्षेत्र में आने से आमजन में भय का माहौल बन गया था। सुबह-शाम लोग घरों से निकलने में हिचकिचा रहे थे, वहीं बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी। कई स्थानों पर भालू के दिखाई देने की खबरें सामने आने के बाद वन विभाग ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विशेष टीम का गठन किया। वन विभाग द्वारा पहले चरण में क्षेत्र की लगातार निगरानी की गई और भालू के मूवमेंट को चिन्हित किया गया। इसके बाद रणनीति के तहत शावकों को सुरक्षित पकड़ने के लिए पिंजड़े लगाए गए। प्रयास रंग लाया और दोनों शावक वन विभाग द्वारा रखे गए पिंजड़ों में फंस गए। शावकों के पकड़े जाने के बाद मादा भालू को काबू में करना चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि वह आक्रामक व्यवहार दिखा सकती थी। ऐसे में वन विभाग की टीम ने पूरी सतर्कता के साथ ट्रैंकुलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाई।



विशेषज्ञों की मौजूदगी में मादा भालू को ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। पूरी कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने इस बात का विशेष ध्यान रखा कि किसी भी प्रकार की जनहानि या भालू परिवार को अनावश्यक चोट न पहुंचे। सफल ऑपरेशन के बाद मादा भालू और उसके दोनों शावकों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस खबर के सामने आते ही क्षेत्र के लोगों ने राहत महसूस की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से भय के साये में जीवन व्यतीत करना पड़ रहा था। भालू के पकड़े जाने से अब सामान्य दिनचर्या लौटने की उम्मीद जगी है। व्यापारियों, राहगीरों और स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने भी वन विभाग के प्रयासों की सराहना की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए मादा भालू और उसके शावकों को वन क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण में पुर्नवास के लिए भेजा जाएगा, ताकि वे प्राकृतिक आवास में रह सकें। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी। भालू के रेस्क्यू में बिलासपुर से डॉ. चंदन, डॉ. अजीत पांडे अंबिकापुर, वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप, एसडीओ अवधेश सिंह, वन परिक्षत्राधिकारी मनेन्द्रगढ़ रामसागर कुर्रे, वनपरिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर बलराज सिंह पैकरा, तरूण रजक, अभरेव सिंह, अनिता सिंह, रिता तिर्की, सरिता एक्का, ज्योति तिर्की, मनोज सेन, इंद्र कुमार बंजारे, अशोक कुर्रे, नरेन्द्र सिंह, विजय पैकरा, राहुल राज, बिहारीलाल शर्मा समेत अन्य कर्मी सक्रिय रहे।

# तीन सड़क हादसे, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



घटना स्थल पर भीड़।

साल का आखिरी महीना दिसंबर चल रहा है और दिसंबर के महीने में सड़क दुर्घटना की घटनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है। सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में तेज रफ्तार वाहन चलाने के साथ शराब सेवन कर वाहन चलाने की वजह से सबसे अधिक दुर्घटना होती है।

बीते मंगलवार व बुधवार को जिला मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय के निकट तीन सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई। इनमें एक घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ,वहीं दो घटनाओं में भी बाइक सवार चोटिल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अपरान्ह करीब 3 बजे जिला मुख्यालय के निकट छिंदडॉड़ मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे ऑटो से टकरा गई। इस दुर्घटना में तेज गति से बाइक की खड़ी ऑटो से टक्कर होने से ऑटो भी सड़क के दूसरी ओर चला गया, वहीं बाइक चालक के साथ पीछे बैठी एक स्कूली छात्रा गिर गई। इस घटना में छात्रा को हल्की चोटे आए, वहीं बाइक चालक को भी चोटे आई। घटना पश्चात सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई और घायल छात्राओं को एक कार में बिठाकर अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक चालक बहुत तेज गति से वाहन चलाते हुए पीछे मुड़कर देख रहा था, इसी दौरान सामने खड़ी एक ऑटो से तेज गति से टकरा गया। इस घटना में बाइक चालक के साथ पीछे बैठी छात्रा सड़क पर गिर गई, जिन्हें हल्की चोटे लगी, इसके एक दिन पूर्व मंगलवार की रात्रि में तलवापारा मुख्यमार्ग स्थित चौदहा फ्यूल के पास सड़क किनारे खड़ी एक वाहन से स्कूटी चालक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा मंगलवार की रात्रि करीब 8:30 बजे स्कूलपारा परियोजना आफिस मोड के पास दो बाइक में भिडंत हुई, इस घटना में बाइक चालकों को हल्की चोटे आई।

### अनियंत्रित गति दुर्घटना को आमंत्रण

साल का अंतिम माह चल रहा है तथा वर्तमान दौर में अनेक लोग जिनमें युवा वर्ग शामिल हैं पिकनिक मनाने के दौरान शराब का नशा कर बाइक तेज गति से भीड़-भाड़ वाले मार्ग पर भी तेज गति से वाहन चलाते हुए चलते हैं, इसके चलते सड़क दुर्घटना अक्सर होती रहती है, इसके अलावा युवा अपनी बाइक में किसी युवती को बठाया है तो धीमी गति से न चलकर काफी तेज रफ्तार से सड़क पर वाहन दौड़ाते हैं यही दुर्घटना का कारण बनता है।

### वर्ष के अंतिम दिनों में बढ़ जाते हैं हादसे





घायल छात्रा। दुर्घनाग्रस्त बाइक व आटो।

### नाबालिग के हाथों स्टेयरिंग

शहर क्षेत्र में देखने में यह आता है कि कई नाबालिगो के द्वारा दुपहिया वाहनों को काफी तेज गति से मुख्य मार्ग के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में भी तेज गति से वाहन को सरपट दौड़ाते हुए सड़क पर स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरे की सुरक्षा के लिए जोखिम की आशंका पैदा करते हैं, इसके अलावा कई नाबालिग छात्र-छात्राओं के हाथों में भी वाहन की स्टेयरिंग होती है, जो कि मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित गति से चलते हैं, इनके वाहन चालन के कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों के विरूद्ध कार्रवाई करने की जरूरत है, इसके लिए नियमित जांच व कार्यवाई जरूरी है।

# आयुष विंग ने किया एनसीसी कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में 17 दिसंबर को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में एनसीसी कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शीत ऋतु में होने वाले विभिन्न रोगों के लक्षण एवं उनसे बचाव के उपाय, गैर संचारी रोग (एनसीडी) के लक्षण व रोकथाम, स्वच्छता के महत्व, सुपोषण की उपयोगिता सहित स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से एनसीसी प्रशिक्षण शिविर से पूर्व कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा कैडेट्स एवं विद्यालयीन स्टाफ को आवश्यक औषधियां वितरित की गईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल एवं विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा।

# 243 ग्राम ओडीएफ प्लस

## स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वित्तीय प्रगति, शौचालय निर्माण की स्थिति, ओडीएफ प्लस ग्रामों की उपलब्धि तथा जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी मंडावी व स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 80.60 लाख की राशि आवंटित की गई है, जिसके विरूद्ध 1 अप्रैल से 12 दिसंबर तक 54.55 लाख का व्यय किया जा चुका है। शेष 26.05 लाख की राशि निर्धारित कार्यों में व्यय की जानी है। सामुदायिक शौचालय निर्माण की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2025-26 में 60 सामुदायिक शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक 35 शौचालय स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 17 पूर्ण हो चुके हैं तथा 18 शौचालय निर्माणाधीन हैं। इसी प्रकार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के तहत वर्ष 2025-26 में 2000 शौचालयों का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 1052 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 974 शौचालय पूर्ण हो चुके हैं और 78 प्रगतिरत हैं। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिले के सभी 243 ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# लाहिड़ी पीजी कॉलेज चिरमिरी में जागरुकता कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को शासकीय लाहिड़ी पीजी कॉलेज चिरमिरी में विधिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के नेतृत्व में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिनियम के प्रावधानों, बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज के लिए एक गंभीर अपराध बताया गया। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य राकेश महौत द्वारा किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी गई, वहीं बाल कल्याण समिति के सदस्य वाचस्पति दुबे ने बाल कल्याण समिति की भूमिका, अधिकार एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई की संरचना, कार्य एवं बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी, आउटरीच वर्कर, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में उपस्थितजन को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह न करने एवं रोकने की शपथ दिलाई गई।

# स्कूल में खेल, अनुशासन और उत्साह का संगम



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

उगते सूरज की स्वर्णिम किरणों के साथ दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ का प्रांगण विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास से जीवंत हो उठा। अवसर था विद्यालय के भव्य वार्षिक खेल महोत्सव का जो खेल भावना और सर्वांगीण विकास का सजीव उदाहरण बनकर सामने आया। इस गरिमामय आयोजन के मुख्य अतिथि एसईसीएल के महाप्रबंधक मनोज विष्णोई रहे। उनके आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह, अध्यक्ष श्रीमती मीरा सिंह, निदेशक वेकंटेश सिंह, निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह, एसडीएम मनेन्द्रगढ़ लिंगराज सिदार, एसडीएम खड़गवां विजेन्द्र सारथी, विधि प्रकोष्ठ से श्रीमती नम्रता डोंगरे, श्रीमती श्रुति दुबे, श्रीमती सरिता दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ अविनाश खरे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, केन्द्रीय विद्यालय झगराखांड के प्राचार्य बीएस श्रीवास्तव, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की श्रीमती सरोजबाला बिश्नोई, सतीश गुप्ता, शराफत अली, विनय पांडे, राजा मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल प्रज्ज्वलन, राष्टीय ध्वज को सलामी एवं अनुशासित मार्च-पास्ट से हुआ। चारों सदनों के विद्यार्थियों ने एकरूप वेशभूषा में सुसंगठित कदमताल प्रस्तुत की, जिसे देख पूरा प्रांगण तालियों की गूंज से भर उठा। यह दृश्य विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अनुशासन का जीवंत प्रमाण था।

### बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** बस की ठोकर से घायल महिला ने स्वस्थ होने के उपरांत आरोपी बस चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है, इस पर पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ धारा 125 ए, 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता श्रीमती आशीदीप एक्का निवासी रामपुर बैकुंठपुर में किराए के क्वार्टर में रहती है जो पेशे से शिक्षिका है। घटना दिवस 27 अगस्त को अपने काम से लड़की तान्या खुशी के साथ ग्राम केनापारा स्कूटी से अपने घर रामपुर जा रही थी, इसी बीच वह इंदिरा पार्क गेज नदी के पास रोड किनारे स्कूटी खड़ी कर फोन से बात कर रही थी कि अपरान्ह के समय दुर्गा बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0352 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी को ठोकर मार दी। इस घटना में मां-बेटी को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई, जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और पूरी तरह से ठीक होने के उपरांत पीड़िता ने आरोपी बस चालक के विरूद्ध 15 दिसंबर को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### शहरी पीएम आवास हितग्राहियों को मिली राशि

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत अब तक कुल 40 हितग्राहियों को 44,34,000 की राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 29 अन्य हितग्राहियों के भुगतान के लिए बिल तैयार कर डीडीओ कार्यालय में प्रेषित कर दिया गया है, जिनका भुगतान शीघ्र किया जाएगा। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि बीएलसी प्रथम, द्वितीय एवं 2.0 के अंतर्गत निमार्णाधीन सभी आवासों को नियमानुसार पूर्ण करने पर शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा। कुछ हितग्राहियों के आधार लिंक से संबंधित तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भगवानपुर में समारोह

# नैतिक मूल्यों के बिना शिक्षा अधूरी: पावले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़





भगवानपुर जनकपुर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भगवानपुर में 17 दिसंबर को विद्यालय परिसर में रंगारंग वार्षिक प्रस्तुति समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण हो गया।

इस वर्ष विद्यालय के वार्षिक समारोह की थीम संवर्धनम आपके सपनों का रखी गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों, अनुशासन तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए देशभक्ति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों एवं आधुनिक शिक्षा जैसे विषयों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाट्य मंचन, देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार आधारित शिक्षण व्यवस्था को साकार रूप में प्रस्तुत किया।

# भंडारपारा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर की संगठन व्यवस्था में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुंठपुर द्वारा राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) का विशेष सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत भवन भंडारपारा प्रांगण में 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया। शिविर का समापन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

समापन समारोह की अध्यक्षता जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शिवकुमारी मिंज (सरपंच), श्रीमती अन्न राजवाड़े (उप सरपंच) एवं सुखनंदन मिंज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संरक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन, राजकीय गीत एवं एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर की थीम नशामुक्त भारत के लिए युवा रही। शिविर में 48 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया, जिन्होंने पीटी, योग, परेड, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास किया। परियोजना कार्य के अंतर्गत 151 परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वे किया गया।

**खबर संक्षेप**

## जनपद अध्यक्ष विनय भगत बने अजजा मोर्चा के जिला महामंत्री

**राजपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जिले के जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत को भारतीय जनता पार्टी में नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है।



अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्तर पर अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा की गई। विनय भगत लंबे समय से पार्टी और जनसेवा से जुड़े हुए हैं तथा वर्तमान में राजपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नियुक्ति के बाद जिला महामंत्री विनय भगत ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जवाबदेही भी है। वे भाजपा की नीतियों, विचारधारा और कार्यक्रमों को अनुसूचित जनजाति समाज तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और जनजातीय समाज के अधिकारों, विकास और कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

## मिनी ट्रक चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत



**बिश्रामपुर/करवां।** ग्राम करवां–लटोरी मार्ग पर बुधवार की दोपहर करीब सवा 2 बजे हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई,प्राप्त जानकारी अनुसार करवां गांव की तरफ से सुजुकी बाइक से आ रहे तिलेश्वर सिंह उर्फ लोली, 25 वर्ष पिता रघुवीर,निवासी पोडिपा को लटोरी गांव की ओर जा रहे मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 3602 के चालक ने ईंट भट्ठा समीप जोरदार टक्कर मार दी,हादसे में बाइक सवार तिलेश्वर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई,सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता, एएसआई मानिक दास, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा एवं कुंदलाल मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी के मर्च्युरी में रखवा दिया गया एवं मामले में मर्ग कायम किया गया है,घटना के बाद लटोरी रोड में कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया जिसे पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर बहाल कराया, लटोरी पुलिस अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी पता तलाश में जुटी है।

## ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा

**लखनपुर।** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई। भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। राजेंद्र जायसवाल को दुर्ग संभाग प्रभारी ओबीसीमोर्चा का नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से सरगुजा सहित पूरे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ ओबीसी समाज के हितों के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए प्रभावी रूप से कार्य करेंगे।



### बारिश में कीचड़ के बाद अब धूल के गुबार से बढ़ी परेशानी

# एनएच 343 की मरम्मत हेतु मिले 10 करोड़, अब तक कार्य नहीं हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की जर्जर सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। जर्जर सड़क के मरम्मत हेतु राशि जारी होने के बाद भी अबतक कार्य शुरू नहीं कराया गया है। ऐसे में बारिश के समय लोग कीचड और गड्ढों से परेशान रहे जबकि अब गड्ढों के साथ उड़ती धूल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में लोगों में रोष का माहौल है। इधर अधिकारी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मरम्मत का काम शुरू होने की बात कह रहे है।

**खास बात**

- रजपुरीखुर्द से बंगाली चौक तक डेढ़ करोड का वर्क आर्डर जारी

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ व संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृत है और वर्षो के इंतजार के बाद सड़क के निर्माण का कार्य शुरू भी हो गया है लेकिन बारिश के समय एनएच 343 के जर्जर सड़क की हालत बदतर हो गई। सड़क के गड्ढों और कीचड़ के कारण लोग परेशान रहे जबकि अब गड्ढों के साथ उड़ती धूल से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। बड़ी बात यह है कि सड़क निर्माण के दौरान मार्ग को आवागमन योग्य बनाए रखने हेतु मरम्मत के लिए शासन से लगभग 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। इस राशि से निर्माण के दौरान जर्जर सड़क के गड्ढों को भरा जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो लेकिन राशि जारी होने के बाद भी अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ है। शहर के बंगाली चौक से रजपुरी खुर्द के बीच स्थिति खराब है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धूल का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।



एनएच 343 की धूलधुसरित सड़क।

### अब तक सिर्फ टेंडर की हुई प्रक्रिया

बताया जा रहा है कि एनएच 343 पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है अंबिकापुर से बलरामपुर के बीच, रजपुरी से पाढ़ी के बीच काम चल रहा है लेकिन इस जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाए रखने का काम शुरू नहीं हो पाया है। विभाग ने 10 करोड़ के मरम्मत व पैच रिपेयरिंग कार्य को ठेकेदारों के मूल एग्रीमेंट में जोड़ दिया गया है जबकि सिर्फ रजपुरी खुर्द से बंगाली चौक तक सड़क मरम्मत हेतु डेढ़ करोड़ रुपए का टेंडर किया गया है और वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है लेकिन ठेकेदार की ओर से अब सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया है। शहर के बंगाली चौक से शंकरघाट, सोनपुर कला की ओर जर्जर सड़क के कारण लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

### जल्द शुरू होगा कार्य

ठेकेदार ही सड़कों के मरम्मत का कार्य करेंगे और इस कार्य को उनके मूल एग्रीमेंट में जोड़ दिया गया है। रजपुरी खुर्द से बंगाली चौक तक अलग से पैच रिपेयरिंग और मरम्मत कार्य हेतु टेंडर कर लिया गया है। जल्द ही मरम्मत के कार्य शुरू किए जाएंगे। ठेकेदार सड़कों का निर्माण करने के साथ ही मरम्मत कार्य भी करेंगे।

-आरडी ताम्ब्रे, ईई, एनएच

### मरम्मत की गई सड़क की जांच कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

शहर में सड़कों की गई डामरीकरण के बाद कई जगह पानी जमाव होने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप सड़कों की जांच कराने की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में शिवेश सिंह बाबू ने बताया है कि कई वर्षों बाद शहर में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसा देखा जा रहा है कि प्रचलित सड़क पर ही डामरीकरण कर दिया जा रहा है। रोड इंजीनियरिंग की कमियों को दूर नहीं किया जा रहा है। कई जगह सड़कों का समतलीकरण नहीं किया गया है जिससे जल जमाव से भविष्य में सड़कें फिर टूटेंगी। उन्होंने बताया कि सड़कों पर पानी का जमाव न हो इस तकनीकी खामी को दूर करने से सड़कें ज्यादा दिनों तक टिकेंगी। इस खामी को दूर करने एक टीम गठित कर जांच कराने तथा जिन सड़कों का निर्माण किया गया है वहां पर पानी डलवा कर गड्ढों की पहचान कर उसे समतल किए जाने की मांग की है।





## कड़ाके की ठंड से 3 प्रदर्शनकारी बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन विद्युत विहीन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर पिछले दो दिनों से चल रही अनिश्चित कालीन हड़ताल अब हड़ताली जनप्रतिनिधियों के लिए खतरनाक साबित हो रही है तथा भीषण ठंड में प्रदर्शनकारी बीमार पड़ रहे हैं।

- विद्युत विस्तार की मांग लेकर कर रहे अनिश्चित कालीन प्रदर्शन

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों में अभी तक विभाग विद्युत विस्तार नहीं कर सका है। क्षेत्रवासियों की मांग पर विभाग अब तक 5-6 बार प्रभावित ग्रामों का सर्वे करा चुका है लेकिन विद्युत विस्तार का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत करौटी ए के सरपंच गजमोचन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण विद्युत विस्तार की मांग लेकर 15 दिसम्बर से तहसील कार्यालय मैदान में धरना-प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शनकारी धरनास्थल स्थित टेंट में 24 घंटा मौजूद रहे हैं। रात में भीषण ठंड पड़ने के कारण प्रदर्शनकारी बीमार पड़ रहे हैं। बुधवार को आंदोलन के सूत्रधार गजमोचन सिंह को तेज बुखार के साथ उल्टी दस्त होने लगा साथ ही समाजसेवी सियाराम साहू एवं लक्षण जायसवाल को तेज बुखार आ गया। ग्रामीण तीनों बीमार लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद बीमार प्रदर्शनकारी फिर से धरनास्थल पर पहुंच गए हैं। चिकित्सक बीच-बीच में बीमार प्रदर्शनकारियों का हाल जानने के लिए पहुंच रहे हैं। धरनास्थल पर न तो अलाव की व्यवस्था है न ही पानी की। टेंट भी चारो तरफ से खुला है जिसके कारण ठंड से प्रदर्शनकारियों का बुरा हाल है। स्थिति को देखते हुए अन्य प्रदर्शनकारियों के भी बीमार पड़ने की संभावना जताई जा रही है। धरनास्थल पर प्रदर्शनकारियों का हाल जानने अभी तक कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है।

## विशाल हिन्दू सम्मेलन में उमड़ी लोगों की भीड़

**राजपुर।** विकासखंड मुख्यालय कुसमी मार्ग स्थित प्रकाश पेट्रोल पंप ग्राउंड में बुधवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राजपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बजरंगबली, भारत माता तथा श्रीराम-सीता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पमाला अर्पण कर की गई। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में अभय राम कुंभकार उपस्थित रहे, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघ संचालक रमाशंकर पैकरा एवं मनोज कुमार गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मालती कश्यप ने की। मुख्य वक्ता अभय राम कुंभकार ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज को जागरूक एवं संगठित करने पर बल देते हुए पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने, सामाजिक समरसता एवं नागरिक कर्तव्यों को समाज के उत्थान के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता के माध्यम से ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों एवं प्रेरणा पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों के साथ सराहा। इस हिंदू सम्मेलन में भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव सहित अनिल तिवारी, बदरू गुप्ता, उदय यादव, उमेश झा एवं अन्य मौजूद रहे।





## महासंघ ने मनाया पेंशनर्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने आज गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पेंशनर्स दिवस मनाया।

गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात संघ के प्रदेश सचिव प्रदीप सोनी ने कहा कि मध्यप्रदेश पुर्नगठन अधिनियम 2000(49) 6 को छत्तीसगढ़ सरकार तत्काल समाप्त करें। क्योंकि इसी अवधि में उत्तरप्रदेश से उत्तराखंड और बिहार से झारखण्ड अलग राज्य बने। लेकिन वहां जब कोई समस्या नहीं है तो फिर छत्तीसगढ़ में पेंशनरों को क्यों परेशान किया जा रहा है। इस अधिनियम को जल्द से जल्द खत्म किया जाए, साथ ही 80 महीने का महंगाई राहत भत्ता के एरियर्स को पेंशनरों के खाते में तत्काल जमा कर सरकार राहत देवे। संघ के जिलाध्यक्ष मानिक चंद ने कहा कि संघ द्वारा दायर याचिका पर 17 दिसंबर 1982 को माननीय उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पेंशन नहीं कर्मचारियों का हक और अधिकार है। इसी फैसले के बाद प्रतिवर्ष 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाता है, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र के देय तिथि से पेंशनरों को भी महंगाई राहत भत्ता दे। संघ के संभागीय अध्यक्ष गुरूचरण सिंह ने कहा कि विधायक और मंत्रियों का भत्ता तो सदन में ताली बजाकर बढ़ा लेते हैं लेकिन हम पेंशनरों को परेशान करते हैं संघ के कोषाध्यक्ष बीसी अग्रवाल ने बताया कि विधायक, सांसद चार-पांच पेंशन ले रहे हैं इस पर रोक लगे, कर्मचारियों को पेंशन के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ता है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पेंशन कर्मचारियों का हक है।

इस अवसर पर संघ के एसएन कुशवाहा, मूरत सिंह, उपेंद्र गुप्ता, प्रकाश चंद्र मेहता, सुरेश शर्मा, विनोद द्विवेदी, पीतांबर राम भगत, जितेंद्र सिंह, केके तिवारी, एसएल मालवीय, कांत प्रसाद सिन्हा, एसपी गुप्ता, एलके सिदार सहित काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला जेल का किया गया निरीक्षण

**सूरजपुर।** न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और बंदियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विनीता वार्नर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट जेल विजिटर्स बोर्ड ने आज जिला जेल का संघन और व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों की वर्तमान स्थिति, उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं का गहन समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान बोर्ड के सदस्यों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से मुआयना किया। इसमें कैदियों के बैरक, रसोईघर, स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य सामान्य उपयोग के क्षेत्रों का विस्तृत अवलोकन शामिल था। अधिकारियों ने कैदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण दल ने जेल में स्वच्छता की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता दवाओं और चिकित्सकों की उपस्थिति सहित कैदियों के लिए शिक्षा कार्यक्रमों और खेल-कूद जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। जेल लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कैदियों को कानूनी सलाह आसानी से मिल रही है। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कैदियों को प्रदान की जाने वाली सभी मौलिक सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन एवं नियमित चिकित्सा जांच बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं निःशुल्क प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता की नियुक्ति के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। आयोजित शिविर में न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल ने कहा की अपने आपको अक्षम न समझे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आपकी सेवा में तत्पर है किसी भी प्रकार की सहायाता के लिए जेल अधीक्षक या प्राधिकरण की ओर से निरीक्षण करने आने वाले लीगल एड अधिवक्ताओं अपनी समस्या बताएं।



# ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा का प्रथम वार्षिकोत्सव उन्नयन-तत्व से अनंत तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा ने 16 दिसम्बर को अपने स्थापना दिवस पर प्रथम वार्षिकोत्सव उन्नयन-तत्व से अनंत तक धूमधाम से मनाया।

- एसजीजीयू के कुलपति व कलेक्टर हुए शामिल

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप सरगुजा कलेक्टर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप एसजीजीयू के कुलपति डॉ. राजेंद्र लाकपाले मौजूद थे। अतिथियों के साथ ही ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा के चेयरमैन केएन सिंह, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल चेन ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, वाईस चेयरमैन सीए सुरेन्द्र अग्रवाल, डायरेक्टर एसएसडी बड़गैया की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्कूल की डायरेक्टर-प्रिंसिपल श्रीमती डॉ. श्रुति गुप्ता ने विद्यालय की 25 वर्षों के विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सफलता समर्पित शिक्षकों, दूरदर्शी प्रबंधन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की प्रगति का मूल आधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नवाचार रहा है। डॉ. गुप्ता ने बच्चों के जीवन में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए अभिभावकों को बच्चों के साथ समय बिताने, उनकी रुचियों को समझने और सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों की साझेदारी से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है और इसी सहयोग से ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल निरंतर आगे बढ़ रहा है।



प्राचार्या श्रीमती बबली अग्रवाल ने सभी का उत्साह पूर्वक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा में शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुसार आधुनिक, बाल-केंद्रित शिक्षण से विद्यार्थी आत्मविश्वासी, रचनात्मक और निर्णयशील बनते हैं। प्राचार्य ने बताया कि 1:20 शिक्षक-छात्र अनुपात, व्यक्तित्व विकास, पब्लिक स्पीकिंग, भाषा दक्षता, करियर मार्गदर्शन और रोबोटिक्स-एआई जैसे भविष्य कौशल विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा, अंबिकापुर को कक्षा 12वीं तक CBSE मान्यता प्राप्त है और यह भारतीय संस्कारों के साथ वैश्विक दृष्टिकोण भी विकसित करता है। विद्यालय में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस वर्ष की थीम उन्नयन-तत्व से अनंत तक शिक्षा की निरंतर प्रगति और असीम संभावनाओं का प्रतीक है।

कुलपति डॉ. राजेंद्र लाकपाले ने विद्यालय के प्रथम वार्षिकोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं नवाचार को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने महाभारत की शिक्षाओं से यह संदेश लिया है कि कर्तव्य, कर्मयोग और नैतिकता ही जीवन में सफलता की असली कुंजी हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य, नाट्य मंचन एवं संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं की झलक भी मंच से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका उद्भव का विमोचन भी विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेंद्र लाकपाले द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और शैक्षणिक उपलब्धियां दर्शायी गई हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत करवां बतरा गांव में आवास चौपाल का आयोजन

**बिश्रामपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत करवां एवं बतरा में आवास चौपाल का आयोजन किया गया,गौरतलब है कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है,जिला प्रशासन द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों के अनुसार आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं,आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई तथा निर्माण प्रक्रिया,भुगतान की किस्तों एवं समयबद्ध निर्माण को लेकर मार्गदर्शन किया गया,जिला प्रशासन ने आह्वान किया है कि सभी पात्र हितग्राही समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर योजना का लाभ उठाएं।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411